## खबर संक्षेप

### आशुलिपि की प्रायोगिक परीक्षा 28 दिसंबर को

**मण्डला।** म.प्र. राज्य स्कूल शिक्षा बोर्ड, भोपाल के अंतर्गत 28 दिसंबर 2025 को आशुलिपि की प्रायोगिक परीक्षा प्रातः 11 बजे से 12:30 तक शासकीय रानी अवंती बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मण्डला में संपन्न होना है। समस्त विद्यार्थी समय से पूर्व परीक्षा कक्ष में उपस्थित हों और अपना प्रवेश पत्र साथ अवश्य लाएं।

### अनुदान सहायता राशि स्वीकृत

**मण्डला।** श्री पंचम पिता श्री दलसिंह निवासी ग्राम बुदरा, तहसील नारायणगंज के एक गाय और दो बैल 4 जुलाई 2025 को नाले में बाढ़ आने से बह जाने के कारण मृत्यु हो जाने हुए नुकसान के लिए अनुदान सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निवास के द्वारा एक गाय की बाढ़ में बहने से मृत्यु होने पर 30 हजार रूपए और 2 बैल की बाढ़ में बहने से मृत्यु होने पर 50 हजार रूपए, इस प्रकार कुल 80 हजार रूपए पीड़ित व्यक्ति श्री पंचम के खाते में अनुदान सहायता की राशि प्रदाय की गई है।

### जिले में जैविक/प्राकृतिक खेती के उत्पादों के विक्रय के लिए बाजार में स्थान आरक्षित

**मण्डला।** शासन के निर्देशानुसार जिले में प्राकृतिक/जैविक खेती के पैदावार की उचित मार्केटिंग के लिये सप्ताह में कम से कम एक दिन उत्पादों के विक्रय के उद्देश्य से बाजार लगाने के लिए सब्जी मंडी एवं अनाज मंडी में स्थान आरक्षित किये गये हैं। परियोजना संचालक आत्मा किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने बताया कि रविवार के दिन मंडला मंडी में शेड क्रमांक-2 एवं नैनपुर में शेड क्रमांक-1 एवं 2 तथा शुक्रवार को बिछिया में शेड क्रमांक-3 आरक्षित किए गए हैं।

## अपनी ही जमींन पर निर्माण करने भटक रहा भूस्वामी

# करनी किसी की भर कोई रहा





*** आंख बंद कर एन.ओ.सी. देने का परिणाम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

*प्रशासन की अनदेखी और पंचायत की लापरवाही का खामियाजा एक भू स्वामी को भोगना पड़ रहा है अपनी ही जमीन पर निर्माण करने के लिए उसे न केवल वर्षों इंतजार करना पड़ा बल्कि अनावश्यक विवादों से भी दो-चार होना पड़ रहा है पहले यदि नियम अनुसार प्लाट काटे गए होते कॉलोनीयों का निर्माण तय मानको के आधार पर होता तो शायद ऐसी स्थिति निर्मित नहीं होती जिन्हें इन नियमों का पालन कराना था या जन सुविधाओं का ध्यान रखना था वे तो पैसे लेकर एन ओ सी देते गए अब जब समस्या सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती जा रही है तो भू स्वामियों पर ठीकरा फोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।*

शहर के रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप बन रहे नवीन भवन को लेकर कलेक्टर जनसुनवाई में लगाए गए अवैध निर्माण एवं कब्जे के आरोपों पर स्थिति स्पष्ट हो गई है। अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिस भूमि पर भवन निर्माण किया जा रहा है, वह पूरी तरह निजी है और निर्माण वैधानिक अनुमति के बाद ही किया जा रहा है।

मंडला निवासी राकेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि उनकी निजी भूमि खसरा नंबर 148/1/3 पर निर्माण कार्य हो रहा है, जिसके समस्त वैधानिक दस्तावेज उनके पास उपलब्ध हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भूमि से संबंधित राजस्व रिकॉर्ड में किसी भी प्रकार की नाली का उल्लेख नहीं है।

राकेश अग्रवाल ने यह भी बताया कि उनकी भूमि में अनाधिकृत नाली के माध्यम से गंदा पानी प्रवेश कर रहा था, जिससे जलभराव और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो रही थीं। मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उन्होंने अस्थायी समाधान के तौर पर ड्रेनेज पाइप डालने की सहमति दी थी, ताकि आसपास के क्षेत्र को असुविधा न हो। इसके बावजूद जनसुनवाई में उनके विरुद्ध अवैध कब्जा एवं अवैध निर्माण की शिकायत दर्ज कराई गई, जिससे वे आहत हैं।

उन्होंने कहा कि निराधार आरोपों के कारण जब तक इस विवाद का निष्पक्ष एवं स्थायी समाधान नहीं हो जाता, तब तक वे अपनी निजी भूमि को नाली अथवा पाइपलाइन के उपयोग के लिए उपलब्ध नहीं कराएंगे। उनका उद्देश्य किसी प्रकार का विवाद खड़ा करना नहीं, बल्कि स्वच्छता, स्वास्थ्य और न्याय सुनिश्चित करना है।

इस संबंध में ग्राम पंचायत बिंझिया के रोजगार सहायक, पंच तथा मौके पर मौजूद समाजसेवियों से चर्चा करने पर सभी ने एक स्वर में बताया कि भवन निर्माण अपनी निर्धारित सीमा में ही किया जा रहा है और अवैध कब्जे जैसी कोई स्थिति सामने नहीं आई है। वहीं राजस्व विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने भी दूरभाष पर बातचीत में पुष्टि की कि निर्माण से जुड़े सभी आवश्यक दस्तावेज भूस्वामी के पास उपलब्ध हैं।



स्थानीय स्तर पर हुई पुष्टि के बाद यह स्पष्ट होना प्रतीत होता है कि कि रिलायंस पेट्रोल पंप के पास बन रहा नवीन भवन अपनी जगह ठीक होना समझा जा रहा है। और जनसुनवाई में लगाए गए आरोपों को तथ्यहीन बताया जा रहा है।

ग्राम पंचायत बिंझिया में पानी निकासी को लेकर समस्या पहले से ही विद्यमान है लिहाजा इसके लिये किसी भूस्वामी को निशाना बनाना कहां तक उचित है यह सब उन जनप्रतिनिधियों एवं उन अधिकारियों की करतूतों का परिणाम है जिन्होंने बिना कुछ देखे समझे नियमों को परे रखकर इस तरह निर्माण होने दिया जिसका दुष्परिणाम आने वाले समय होना ही था।

ग्राम पंचायत बिंझिया बिना कुछ देखे समझे अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) देने का लम्बा सिलसिला रहा है और यह प्रमाण पत्र सिर्फ पैसों के आधार पर ही दिया जाता रहा है उसमें यह नहीं देखा गया कि इस निर्माण से अन्य लोगों को क्या परेशानी होनी है या फिर जो कॉलोनी बनाई जा रही है उसमें मूलभूत सुविधायें उपलब्ध हैं अथवा नहीं।

## ग्रामीणों को मिलेंगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ-मंत्री श्रीमती उइके



*** भालीवाड़ा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का शुभारंभ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके द्वारा शनिवार को ग्राम पंचायत भालीवाड़ा माल में आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को उनके गांव में ही सुलभ, सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी। लगभग 65 लाख रुपए की लागत के इस नव निर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में ओपीडी कक्ष, टीकाकरण कक्ष, लैब सुविधा तथा शौचालय की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे मातृ-शिशु स्वास्थ्य, नियमित जांच, टीकाकरण एवं आवश्यक परीक्षणों की सुविधाएँ एक ही स्थान पर प्राप्त हो सकेंगी। मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि यह आयुष्मान आरोग्य मंदिर क्षेत्रवासियों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा की मजबूत कड़ी साबित होगा और स्वस्थ ग्राम-सशक्त भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शालिनी साहू, भालीवाड़ा सरपंच, टिकरवारा श्रीमती श्रद्धा उइके करवेती सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सीएमएचओ डॉ. डीजे मोहंती सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### नो-मैपिंग मतदाताओं के निराकरण के लिए प्रशिक्षण आयोजित

**मण्डला।** शनिवार को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को एसआईआर के अंतर्गत नो-मैपिंग वाले मतदाताओं को नोटिस जारी करने एवं उनके प्रकरणों के निराकरण की प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार सिंह की विशेष उपस्थिति में हुआ। प्रशिक्षण के दौरान नो-मैपिंग मतदाताओं की पहचान, संबंधित अभिलेखों का परीक्षण, नियमानुसार नोटिस जारी करने की प्रक्रिया, समयसीमा में जवाब प्राप्त करने तथा वैधानिक रूप से निराकरण करने के सभी चरणों को विस्तार से समझाया गया। अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि समस्त कार्यवाही निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ की जाए। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करना, त्रुटिरहित मैपिंग कराना तथा योग्य मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक मजबूत बनाना रहा।

# आईटीआई शाला में फिर शुरू हुआ मध्यान्ह भोजन

*** त्वरित कार्रवाई से सुलझी जल समस्या।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिला मुख्यालय के समीप स्थित माध्यमिक शाला आईटीआई में मध्यान्ह भोजन बंद होने की खबर को प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। विद्यालय में लगभग 128 छात्र पंजीकृत हैं, जहां 17 से 21 दिसंबर तक मध्यान्ह भोजन नहीं बनने की जानकारी मीडिया में प्रसारित होने के बाद सीईओ जिला पंचायत मण्डला शाश्वत मीना ने मामले का संज्ञान लिया।

सीईओ के निर्देश पर जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) मण्डला कुलदीप कठल ने बीआरसी मण्डला को तत्काल निरीक्षण एवं आवश्यक कार्रवाई के आदेश दिए। आदेश के पालन में बीआरसी मण्डला अनादि वर्मा अपनी टीम के साथ विद्यालय पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान यह तथ्य सामने आया कि सड़क निर्माण कार्य के दौरान पीएचई विभाग की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसके कारण विद्यालय में पानी की आपूर्ति बाधित थी। बीआरसी द्वारा तत्काल पीएचई विभाग की टीम को बुलाकर पाइपलाइन की मरम्मत कराई गई, जिससे विद्यालय में पुनः जल आपूर्ति शुरू हो सकी।

जल समस्या के समाधान के साथ ही मध्यान्ह भोजन समूह को निर्देश दिए गए कि भोजन तत्काल प्रारंभ किया जाए। साथ ही शाला के प्रभारी को बदलते हुए यह स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी परिस्थिति में बच्चों का मध्यान्ह भोजन बंद नहीं होना चाहिए। भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

डीपीसी एवं बीआरसी की त्वरित कार्रवाई से विद्यालय में व्यवस्था बहाल हुई और कई दिनों से मध्यान्ह भोजन से वंचित बच्चों को पुनः भोजन मिलना शुरू हो गया, जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। इस संबंध में मीडिया द्वारा पूछे गए प्रश्न पर डीपीसी कुलदीप कठल ने बताया कि मध्यान्ह भोजन न बनने के बावजूद पोर्टल पर बच्चों की उपस्थिति दर्ज किए जाने के मामले की भी जांच कराई जा रही है। दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## विशेष ग्राम सभा का आयोजन मैली खैरी कुंभाऔर देवहार पंचायत में किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 मनरेगा के स्थान पर विकसित भारत रोजगार और अजीवका के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण बीबी जी राम जी अधिनियम 2025 में परिवर्तित किए जाने के संबंध में शुक्रवार 26 दिसंबर को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम पंचायत के पंच एवं सरपंच सचिव और रोजगार सहायक एवं गांव की सभी ग्रामीण जनता की उपस्थिति में ग्राम सभा का आयोजन किया गया उन्होंने ग्राम सभा में उपस्थित ग्राम सभा सदस्यों से नवीन अधिनियम के विषय में सचिन ने विषय के अंतर्गत चर्चा करते हुए अधिनियम के प्रावधान के विषय में जानकारी दी उन्होंने बताया कि आज संपूर्ण जिले में प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष ग्राम सभा का आयोजित कर नए अधिनियम के प्रावधान में आम जन को परिचित कराया जा रहा है जिसमें आम नागरिक नवीन प्रधानों के विषय में जागरूक हो सके इस दौरान ग्राम पंचायत खैरी के सरपंच शांति भाई परते उपसरपंच दीपक सोनी एवं सचिव अनिल शर्मा कूंभा पंचायत के सरपंच अखिलेश मरावी एवं सचिव दीपचंद साहू एवं सभी पंचों की उपस्थिति सराहनी रही।

**कवि सम्मेलन** | **कविता के पुरोधा अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा के समक्ष हुआ कवि सम्मेलन**

# अटल जी को जन्म शताब्दी पर साहित्यिक श्रद्धांजलि





*** भाजपा कार्यालय में सजा कवियों का विराट संगम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से पधारे ख्यातिलब्ध कवियों ने अपनी ओजस्वी संवेदनशील एवं प्रेरणादायक रचनाओं के माध्यम से अटल जी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम माँ सरस्वती के तेल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल एवं छिंदवाड़ा जिले से पधारे महामंडलेश्वर अजय रामदास जी महाराज की विशेष उपस्थिति रही। वहीं उनके साथ जबलपुर से आए सुदीप भोला, भोपाल से आए मदन मोहन समर, दिल्ली से आई पी के आजाद, जबलपुर से आए अभिनेष अटल, नरसिंहपुर से आए आशीष सोनी, रीवा से आए कामता माखन, दिल्ली से आई कल्पना शुक्ला जैसे देश के ख्याति लब्ध कवि मंचासीन रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उईके द्वारा सभी कवियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। वहीं मंच संचालन भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा द्वारा किया गया जिनकी भूमिका ने पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित और रोचक बनाए रखा। कवियों की प्रस्तुतियों का सिलसिला जैसे-जैसे आगे बढ़ाएं सभागार तालियों की गूंज से भरता चला गया। इस अवसर पर पी के आजाद द्वारा माँ पर प्रस्तुत की गई जहां कविता ने श्रोताओं की आंखें नम कर दीं। तो वही सुदीप भोला ने मानसिंह कोर पर आधारित ओजपूर्ण कविता सुनाकर वीरता और इतिहास की स्मृतियों को जीवंत किया। कल्पना शुक्ला ने बेटियों पर आधारित अपनी सशक्त कविता के माध्यम से नारी सम्मान और सामाजिक चेतना का प्रभावशाली संदेश दिया। जगदीश मित्तल की कविताएं जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहले ही सराही जा चुकी है यहां भी श्रोताओं के दिलों में उतर गईं। मदन मोहन समर आशीष सोनी एवं कामता माखन ने भी राष्ट्र समाज और मानवीय संवेदनाओं पर आधारित रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

कार्यक्रम का सबसे भावनात्मक और अविस्मरणीय क्षण तब आया जब अभिनेष अटल ने पं अटल बिहारी वाजपेयी जी द्वारा रचित कविताओं को उन्हीं के अंदाज़ में प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुति ने ऐसा वातावरण रच दिया मानो स्वयं अटल जी मंच से कविता पाठ कर रहे हों। इस प्रस्तुति पर पूरा सभागार देर तक तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा।

देर रात तक चले इस कवि सम्मेलन में बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कवियों की ओजस्वी और प्रेरणादायक रचनाओं ने न केवल श्रोताओं के कान बल्कि मन और आत्मा को भी प्रफुल्लित कर दिया। पूरे कार्यक्रम में देश भक्ति राष्ट्र निर्माण और अटल जी के विचारों की स्पष्ट झलक देखने को मिली।

## हॉकी मंडला ने धार को दी 1/O से शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



हॉकी मंडला ने 24 दिसंबर से बालाघाट में खेली जा रही सीनियर मेंस स्टेट हॉकी चैंपियनशिप ने जीत के साथ शानदार शुरुआत की है। शुक्रवार की दोपहर अपना पहला मैच खेलते हुए हॉकी मण्डला की टीम ने धार को 1 / O से मात देकर प्रतियोगिता के अगले चरण में प्रवेश किया। मंडला और धार के बीच खेला गया यह मैच काफी रोमांचक और संघर्ष पूर्ण रहा। तीन क्वार्टर तक कोई भी टीम एक दूसरे पर गोल करने में कामयाब नहीं हो सकी। चौथे और अंतिम क्वार्टर में मण्डला के खिलाड़ियों ने बेहतर टीम वर्क और स्किल दिखाते हुए धार पर दबाव बनाए रखा। खेल के अंतिम समय में एक शानदार गोल कर सत्यम ने मंडला को एक शून्य की निर्णायक जीत दिला दी।

टीम की शानदार कामयाबी पर हॉकी मण्डला के संरक्षक मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, श्रीमती मृदुला काल्पीवार, हॉकी मंडला के अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी, उपाध्यक्ष एडवोकेट मनोज फागवानी, सचिव सैयद कमर अली, कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश गोल्डी कुलस्ते, संयुक्त सचिव अब्दुल मतीन खान, सदस्य सुश्री शशि पटेल, रमेश कुमार सोनी 'प्रिंस', शक्ति क्षेतीजा, सैयद जावेद अली, समीर बाजपेई, विकास जैन, योगेश चौरसिया, शेख शहजाद, अली इमाम अंसारी, सैयद सिकंदर अली, जानू अली सहित अन्य हॉकी प्रेमियों ने टीम को बधाई देते हुए प्रतियोगिता के शेष मैचों के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है। इस टीम का प्रतिनिधित्व कालपी खेल परिसर के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। हॉकी मंडला ने कालपी खेल परिसर के विद्यार्थियों का चयन हॉकी मण्डला मेंस सीनियर हॉकी टीम के लिए किया था।

इस टीम में अवधेश सोयाम, सत्यम मरदारिया, जगदीश बरकड़े, लाल सिंह मसराम, पुष्पराज बरकडे, तुषार कुछबुदिया, सुभाष मरकाम कप्तान, संजय मरावी, सौरभ बरकडे, तरुण कुंजाम, मोहित उईके, प्रदीप मरावी, कृष्ण कुमार गोल कीपर, राहुल पंद्रम, आलोक कुजूर, रविंद्र उईके, शिवम परते, आदित्य मसराम शामिल है। टीम के साथ कालपी खेल परिसर के पीटीआई रविंद्र उईके बतौर टीम मैनेजर मौजूद है।

## खबर संक्षेप

### घर के हिस्से की बात को लेकर की मारपीट

गाडरवारा। समीपस्थ सालीचौकाक पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम सहावन निवासी भैयालाल पिता कालूराम लोधी उम्र 75 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब प्रार्थी अपने घर के पास खड़ा हुआ था उसी दौरान प्रार्थी के भाई का लड़का कृष्णकांत आया और बोला की मुझे पुराने वाले घर में से हिस्सा चाहिये औरर इसी बात के चलते गंदी गंदी गालिया देते हुये प्रार्थी को धक्का देते हुये जमीन पर गिरा दिया गया जिसके चलते चोटे आई। वही आरोपी द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुये चला गया। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम कर जांच में लिया गया है।

### युवती ने मासूम को स्कूटी से मारी टक्कर

गाडरवारा। नगर की सड़को पर नाबालिग किशोरियों से लेकर युवतियों द्वारा जिस तरह नियमों को ताक पर रखते हुये स्कूटी दौड़ाई जा रही है वह चिंता जनक बनने से नही चूक रहा है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस नर्मदा कालोनी में उस समय देखने मिली जब एक युवती द्वारा स्कूटी चलाने के साथ मोबाईल पर बात करते हुये मासूम को टक्कर मारते हुये चोट पहुंचाई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसके भांजे के साथ कृष्णा उम्र 4 वर्ष सड़क से पैदल जा रहे थे। उसी दौरान एक युवती अपनी स्कूटी क्रमांक **MP**49 **ZF** 2338 को चलाते हुये फोन पर बात कर रही थी। इस तरह लापरवाही पूर्वक स्कूटी चलाने के चलते युवती द्वारा मासूम बच्चें को टक्कर मारते हुये चोट पहुंचाने के चलते पुलिस ने आरोपी स्कूटी चालक युवती के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### पिता पुत्र के साथ की मारपीट

गाडरवारा। समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम तिंगुवा निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने घर के पास खड़ा हुआ था उसी दौरान गांव का संदीप पटैल आया और बोला की तुम मेरे खेत की तरफ क्यों जाते हो इसी बात को लेकर वह गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट करने लगा। शोर सुनकर प्रार्थी के पिता निर्भय सिंह पटैल आये और बीच बचाव करने लगे तो आरोपी द्वारा उनके साथ भी लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाने के साथ जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### बुलट की टक्कर से बाइक सवार घायल

गाडरवारा। नगर के मुरघटा मुहल्ला निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसकके मामा का लड़का मथुरा प्रसाद चौधरी अपने साथी नरेश चौधरी के साथ मोटर साईकिल पर बैठकर घर जा रहा था उसी दौरान पीछे से आ रही एक लाल रंग की बुलट गाडी क्रमांक **MP**20-**NK**-2569 के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक अपनी बुलट गाड़ी को चलाते हुये टक्कर मारकर चोट पहुंचाई।

### खपरा की नोक से चोट मारते हुये किया घायल

चीचली। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस इन्द्रा कालोनी निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरा छोटा भाई नीलेश मेहरा को मेरे चाचा तुलाराम मेहरा ने मच्छली मार्केट में गंदी गंदी गालिया दिये जाने की बात को लेकर प्रार्थी द्वारा अपने चाचा तुलाराम से कहा कि मेरे भाई नीलेश को गाली क्यों दे रहे थें। इसी बात को लेकर मेरा चाचा बोला कि तू बीच में क्यो आ रहा है मैने कहा मेरा भाई है मै क्यो नही बोलूगा। इसी बात को लेकरतुलाराम मेहरा द्वारा प्रार्थी को भी गंदी गंदी गालिया देते हुये खपरा की नोक से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

### बिजली हेल्पर का रास्ता रोककर की मारपीट

चीचली। ग्राम खैरी निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मे ग्राम बिछुआ, नरवारा व कौड़िया विद्युत मंडल में प्राईवेट हेल्पर का काम करता हूं। बीते हुये दिवस की बात है कि जब मै खाना खाने के बाद खैरी पावर हाऊस के पास टहल रहा था उसी समय लोकेश कहार अपने साथियों के साथ आया और आपस में गाली गलौच कर रहे थें तो मैने बोला की इस तरह गंदी गंदी गालिया क्यों बक रहे हो। इसी बात को लेकर लोकेश व उसके साथी द्वारा प्रार्थी का रास्ता रोकते हुये गंदी गंदी गालिया देते हुये रास्ते रोकते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई।

### स्कूली बच्चों के साथ छोटे वाहन चालकों की जिन्दगी खतरे में ....

# ढ़ाबों से लेकर मुख्य मार्ग के दोनों ओर खड़े रहने वाले डंपर ट्राला बन रहे यातायात में बाधक





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** क्षेत्र में स्थापित एनटीपीसी पावर प्लांट से निकलने वाली राख तथा समीपस्थ गोटीटोरिया से कोयला का परिवहन करने के लिये इस समय जहां क्षेत्र की सड़को पर भारी भरकम डम्फरों के साथ साथ ट्रालाओं की धमाचौकड़ी देखने मिल रही है। जबकि क्षेत्र की सड़को की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो इन सड़को की गुणवत्ता न तो इन डम्फरों का भार सहन करने की है और न ही सड़को की चौड़ाई इस प्रकार से है कि उन पर इस तरह के वाहन दौड़ाये जा सके। मगर इसके बाद भी बड़े स्तर से आर्शीवाद प्राप्त होने के कारण गाडरवारा क्षेत्र की सड़को पर प्रदेश सहित देश के कौने कौने से प्रतिदिन भारी भरकम धमाचौकड़ी मचाते हुये आम लोगों की जिन्दगी के साथ खुलेआम खिड़बाल करने से नही चूक रहे है। बताया जाता है कि गाडरवारा से ककरा घाट होते हुये निकलने वाली राख ढोने वाले इन डम्फरो के चलते इस मार्ग की चौड़ाई कम होने के कारण जब कोई ट्राला जा रहा होता है तो पीछे से आने वाले वाहन चालक का सामने से आने वाला वाहन दिखाई नही देता है और जब ट्राला के पीछे चलने वाले बाइक हो या फिर अन्य प्रकार के छोटे वाहन चालक को जरा सी साइड मिलती है तो वह आगे निकलने का प्रयास करता है। मगर इस स्थिति में सामने से आने वाले वाहन से टकराने से नही चूक पाता है। इसी का परिणाम है कि इस मार्ग पर बीते हुये 6 माह के अंदर गाडरवारा से लेकर तेंदूखेड़ा के बीच डम्फर व ट्रालों के चलते घटित हुई सड़क दुर्घटनाओं में अनेक लोगों लोगों की अपनी जिन्दगी से हाथ धोना पड़ा..? यही हाल गाडरवारा से पिपरिया जाने वाला मार्ग हो या फिर सांईखेड़ा सहित करेली की ओर जाने वाले मार्ग का देखने मिल रहा है। क्योंकि इन मार्गो पर पढ़ने वाले ढावो के दोनों ओर वह ट्राला चालक अपने डम्फरों को खड़ा करते हुये भोजन करने लगते है और सड़क दोनों किनारों पर डम्फरों की लम्बी लाईने लगी होने के दौरान जब कोई छोटा वाहन का चालक आता जाता है तो उसे सामने से आने वाला वाहन दिखाई नही देता है जिसके चलते वाहन टकराने की संभावना बनने से नही चूक पाती है। नगर के रेल्वे स्टेशन से सोया प्लांट की ओर जाने वाले वाय पास मार्ग यानि की रायल पैलेस के सामने से लेकर सोया प्लांट तिरहा तथा कामती की ओर जाने वाले ढावों के सामने तो मानों इन डम्फर व ट्राला चालको अपना अपना पूर्ण अधिकार स्थापित करते हुये डम्फरों की लम्बी लम्बी लाईने लगाई जा रही है। गाडरवारा कामती मार्ग पर काबरा पेट्रोल पंप से लेकर सोयाबीन प्लांट तिरहा के पास इस तरह सैकड़ो की संख्या में सड़क के दोनों ओर डम्फरों की लम्बी लाईने लगी हुई दिन भर आसानी से देखी जा सकती है। मगर बडे ही हैरत की बात है कि इन मार्गो से आये दिन क्षेत्र के जिम्मेदार प्रतिनिधियों से लेकर जिला स्तर से लेकर तहसील स्तर के अधिकारियों का निकलना होता रहता है।

मगर इसके बाद भी इस तरह ढावों के सामने व सड़क के दोनों किनारे डम्फरों की लगनी वाली लाईन को जिस तरह नजर अंदाज किया जा रहा है उसी का परिणाम है कि जहां इन भारी भरकम डम्फर चालको के हौसले बुलंद होते चले जा रहे है और आमजन की जिन्दगी खतरें में दिखाई देने से नही चूक रही है..? आमजन का कहना है कि गाडरवारा कामती मार्ग हो या फिर शहर का वायपास मार्ग जब सड़क के दोनों ओर डम्फरों की लाईने लगी होती है तो छोटे वाहन चालक अपने वाहन आगे की ओर निकलते है। इस स्थिति में सामने से आने वाला वाहन दिखाई नही देता है। जब तक वह सामने से आने वाले वाहन को देखने में सफल होते है तब तक दुर्घटना घटित हो चुकी होती है..? इस तरह क्षेत्र की सड़को के किनारे स्थापित हो चुके डम्फर चालकों के साम्राज्य के चलते क्षेत्रवासी अपनी जिन्दगी को दांव पर लगाते हुये यात्रा करने के लिये मजबूर होते हुये देखे जा रहे है। जबकि देखा जावे तो इस मार्ग से क्षेत्र की अनेक छात्र छात्राये साईकिलों के माध्यम से गाडरवारा पढ़ाई करने के लिये आते जाते है। इस तरह सड़क किनारे डम्फरों की लाईन होने के चलते जहां मासूमों की जिन्दगी खतरे में दिखाई देने से नही चूक रही है तो दूसरी ओर आम लोगों को भी इन डम्फरों के चलते अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। वही दूसरी शहर के आसपास संचालित होने वाले ढ़ावों सहित क्षेत्र की सड़को के दोनों ओर लम्बी लम्बी लाईनों में खड़े होने वाले डम्फर पर अंकुश लगाने की क्षेत्र की जनता द्वारा लगतार मांग उठाई जा रही है। मगर इसके बाद भी अधिकारियों द्वारा किसी तरह से कोई कार्यवाही न करना जहां चर्चा का विषय बना हुआ है तो दूसरी ओर क्षेत्रवासियों की जिन्दगी को खतरा मड़राते हुये देखा जा रहा है। क्योंकि स्टैट हाइवे किनारे संचालित हो रहे ढ़ाबा मालिकों द्वारा जहां अपने स्वार्थ को ध्यान में रखते हुये इन डम्फर चालको को पूरी व्यवस्थाये उपलब्ध कराई जा रही है। मगर उन्हें सड़क से हटकर पार्किग की व्यवस्था नही दिये जाने के कारण यह डम्फर चालक अपने डम्फर व ट्रालाओं को मुख्य सड़को के किनारे ही खड़ा करते हुये ढ़ावों पर खाना खाने के लिये चले जाते है। इस स्थिति में दिन दिन भर सड़को के किनारे लगनी वाही डम्फरों के लम्बी लाईनो के कारण गाडरवारा से करेली हो या फिर पिपरिया सांईखेड़ा सहित वायपास मार्ग से छोटे वाहन चालकों को जिन्दगी खतरे से खाली नही बची है...?

## स्टेट हाईवे ठंड के दिनों में दिखाई दे रहे बारिश के नजारे

### गंदगी पूर्ण पानी के बीच से वाहन निकालने के लिये हुये मजबूर

**हरिभूमि न्यूज/कौडिया।** जहां एक ओर सरकार द्वारा लोगों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। मगर अक्सर देखा जाता है कि सरकार द्वारा सड़कों के लिए स्वीकृत की जाने वाली राशि का निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सीयों द्वारा इस प्रकार से निर्माण किया जाता है कि वह जहां चंद दिनों में अपनी गुणवत्ता की कहानी स्वयं बताने लगी है। वही दूसरी ओर आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बनती है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय स्टैट हाइवे माने जाने वाले गाडरवारा से पिपरिया व सांईखेड़ा की ओर जाने वाले मार्ग पर देखने मिल रही है। कहने के लिये तो यह मार्ग स्टैट हाइवे का दर्ज प्राप्त किये हुये है। मगर इस मार्ग की दुर्दशा की ओर जिम्मेदारों द्वारा किसी तरह से ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि वाहन चालको की जिन्दगी खतरे में पड़ने से नही चूक रही है। क्योकि स्टैट हाईव कहे जाने वाले मार्ग पर जहां गड्ढो की भरमार होने के चलते आये दिन वाहन दुर्घटना ग्रस्त होना आम बात हो चुकी है। वही दूसरी ओर ओर गाडरवारा से कामती के बीच स्टैट हाईवे का जो नजारा देखने मिल रहा है उसके चलते ठंड के दिनों में बारिश का अहसास होने से नही चूक रहा है..? बताया जाता है कि समीपस्थ सोया प्लांट के पास स्थित कालोनी से निकलने वाला नालियों का संपूर्ण गंदा पानी इस स्टैट मार्ग पर बहने के चलते जहां सड़क ने नाले का रूप धारण कर लिया गया है। हाल यह बना हुआ है कि नालियों के गंदे पानी के बीच से ही लोगों को अपने वाहन निकालने की मजबूरी बन चुकी है।



इस तरह सड़क पर गंदगी बहने के चलते जहां देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वच्छता के लिये छेड़ी गई मुहिम पर ग्रहण लगते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी ओर हमारी गाडरवारा तहसील से लेकर जिले की अधिकारियों की उदासीनता पूर्ण कार्य प्रणाली की पोल प्रदेश के कौने कौने से लेकर देश दुनिया के सामने उजागर होने से नही चूक पा रही है..? क्योंकि यह मार्ग राज्य स्तरीय होने के चलते प्रदेश की राजधानी भोपाल को संस्कारधानी जबलपुर से जोड़ने वाला होने के चलते इस मार्ग से प्रतिदिन प्रदेश सहित देश के अन्य प्रांतों के लम्बी दूरी के वाहनों को इसी गंदगी के बीच से निकलते हुये देखा जाता है। जब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब वह लोग अपने वाहनों को इस गंदगी व बदबूदार पानी के बीच से निकालते हुये होगे तो उनके दिलों में यहां के अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर क्या छबि बनती होगी इसका अंदाजा आसानी से लगाया जाता है..? हैरत इस बात की है कि इस सच्चाई को मीडिया द्वारा लगातार उजागर किये जाने के साथ साथ तहसील से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों का इस मार्ग यानि इसी गंदगी के बीच आये दिन निकलना होता रहता है। मगर इसके बाद भी उनके द्वारा कालोनाईजर की इस मनमानी कही जावे या फिर यहां की व्यवस्थाओं को नजर अंदाज किया जाना निश्चित तौर से जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर सबाल खड़े होने से नही चूक रहे है...? इस तरह मुख्य मार्ग पर बहने वाली गंदगी के चलते आसपास के गांवों से गाडरवारा शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चे भी अपनी शिक्षा से बंचित होते हुये देखे जा रहे है। क्योंकि जब छात्र छात्राये इस मार्ग से अपनी साईकिल से निकल रही होती है और उस दौरान कोई बड़ा बाहन निकल जाता है तो संपूर्ण कीचड़ छात्र छात्राओ के ड्रेस को गंदा करने से नही चूकता है। इस स्थिति के चलते उन्हें बगैर पढ़ाई किये हुये यहां से अपने घर के लिये वापिस लौटते हुये मजबूर होते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है..?

## सांदीपनि शास उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित हुआ 'सृजन' उत्सव का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** निश्चित ही जब बच्चों को मंत्र पर पहुंचने का अवसर मिलता है तो उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभा उभरकर सामने आने से नही चूक पाती है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिवस स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्रांगण में संस्था के विद्यार्थियों के अंदर छिपी हुई बहुमुखी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से आयोजित किये गये 'सृजनः कला, कौशल और नवाचार का संगम' के कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान, कला और संस्कृति के विभिन्न रंगों को प्रदर्शित कर अपनी रचनात्मकता का लोहा मनवाया।




इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा नेता अनुज प्रताप सिंह सहित क्षेत्रिये स्तर के अनेक नेतागण और जन-प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए अनुज प्रताप सिंह ने बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल्स की सराहना की और इसे ग्रामीण प्रतिभा के उत्थान के लिए एक मील का पत्थर बताते हुये कहा कि यह विज्ञान और कला का अनूठा संगम है। कार्यक्रम की शुरुआत 'नवाचार प्रदर्शनी' से हुई, जिसमें नन्हे वैज्ञानिकों ने जल संरक्षण, सौर ऊर्जा और कचरा प्रबंधन जैसे विषयों पर आधारित बेहतरीन वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किए। इसके पश्चात अतिथियों ने 'कला वीथिका' का भ्रमण किया। यहाँ विद्यार्थियों ने कैनवस पर ग्रामीण परिवेश की सुंदरता और आधुनिक भारत की सोच को अपनी पेंटिंग्स और रंगोली के माध्यम से जीवंत कर दिया था। इस मौके पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां। दोपहर के सत्र में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने सुरों और ताल की जुगलबंदी पेश की गई। वही लोक नृत्य के माध्यम से जहाँ क्षेत्रीय संस्कृति की झलक देखने को मिली, वहीं नाटकों के जरिए सामाजिक संदेश भी दिए गए। मंच से बोलते हुए अतिथियों ने कहा कि 'सृजन' जैसे आयोजन विद्यार्थियों के भीतर छिपे आत्मविश्वास को बाहर लाने का सबसे उत्तम माध्यम हैं। इस दौरान युवा नेता अनुज प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शासकीय विद्यालय के बच्चों में अद्भुत क्षमताएं हैं। वही उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों को 'शायराना' और प्रेरणादायक बताया। वही कार्यक्रम में पधारे हुये सभी अतिथियों के प्रति विद्यालय के प्राचार्य ने आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती दरबार अजमेर पेश की जावेगी चादर

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** सुल्तान-उल-हिन्द हज़रत ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती ग़रीब नवाज़ रहमतुल्लाह अलैह के 814 वें उर्स के मौके पर गाडरवारा में धार्मिक श्रद्धा और सूफियाना परंपरा के साथ छटी शरीफ की फातिहा का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि यह आयोजन अलमदार चिश्ती दादा मियां दाढ़ी दरबार, बीजासेन वार्ड में मुजीब खान चिश्ती के निवास पर सम्पन्न हुआ। गरीब नवाज चौकी पर चादर जियारत, देश की खुशहाली के लिए दुआ की गई। वही इस अवसर पर गरीब नवाज चौकी पर अजमेर शरीफ के दरबार में पेश की जाने वाली चादर को जियारत के लिए रखा गया। चादर रवाना होने से पूर्व जामा मस्जिद कमेटी अध्यक्ष अबरार खान, गरीब नवाज चौकी के गद्दी नशीन शेख रहीम चिश्ती, अब्दुल फिरोज खान, महमूद पहलवान, फारूक खान, राज ताजी अनीस, इमरान ताजी, आजम खान, राहुल भाई, रोहित वाल्मीकि, नीतेश भाई, कैलाश, सनी, आशीष रजक सहित अन्य जायरीनों ने चादर की जियारत कर अमन-चैन और तरक्की की दुआएं मांगी। गरीब नवाज चौकी पर शेख रिजवान चिश्ती, शेख रहमान चिश्ती, पीर खान सहित अन्य खादिमों ने फूल और इत्र पेश कर चादर का इस्तकबाल किया। बशनिवार को मुस्लिम त्योहार कमेटी अध्यक्ष मुजीब खान चिश्ती, आता आसिफ हुसैन, आतिफ हशनैनी चिश्ती, आरिफ बाबा, शेख मोहसिन, इमरान साहिब खान, शेख आफसर चादर लेकर अजमेर शरीफ के लिए रवाना हुए।

## गन्ने की ट्राली से टकराये वाइक सबार



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस सांईखेड़ा की शांति नगर कालोनी निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे मौसिया सुनील कुशवाहा अपनी मोटर साईकिल से बारहाबड़ा सिंहपुर छोटा से ग्राम तूमड़ा सांईखेडा जा रहे थे । मै अपनी मोटर साईकल से उनके पीछे पीछे चल रहा था जैसे ही हम पिपरिया तिराहा के आंगे प्रिंस ढाबा के पास पहुचे जहा पर एक गन्ना से लोड ट्रेक्टर की ट्राली खतरनाक तरीके से लापरवाही पूर्वक खडी थी । जिसमें कोई रिफलेक्टर रेडियम ,यातायात के संकेत एवं सुरक्षा के कोई इंतजाम नही लगे थे । जिससे मेरे मौसिया सुनील कुशवाहा अपनी मोटर साईकल से खडी गन्ना से लोड ट्रेक्टर की ट्राली से टकराने के चलते गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के पास सुनील कुशवाहा को उपचार हेतु शासकीय चिकित्सालय गाडरवारा लाया गया जहां पर स्थिति गंभीर होने के चलते जिला चिकित्सालय हेतु रेफर किया गया है। वही घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी ट्राल के मालिक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## सांईखेड़ा में 101 तो उकास घाट ऊमर नदी में बनाया 83 बोरियों का बंधान



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जल संचय अभियान के तहत समीपस्थ सांईखेड़ा दुधी नदी में 101 तो उकासघाट की उमर नदी में 83 बोरियों का बंधान बनाया गया। बताया जाता है कि जल संचयन अभियान के तहत जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में बोरी बंधान के कार्य किए जा रहे हैं। यह कार्य मप्र जनअभियान परिषद की विभिन्न संस्थाओं और आम नागरिकों की सहभागिता से किया जा रहा है। इसी क्रम में विकास खंड सांईखेड़ा में दुधी नदी में 101 बोरी बंधान और जनपद पंचायत चीचली के ग्राम उकास घाट की उमर नदी में 83 बोरी बंधान का कार्य किया गया। बोरी बंधान के माध्यम से बहते जल को रोककर भू- जल स्तर में बढ़ोत्तरी करना, आसपास के किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्धता सुनिश्चित कराना है। अभियान के तहत विकास खंड सांईखेड़ा के सेक्टर क्रमांक एक नवांकुर संस्था वृन्दावन जन कल्याण समिति तूमड़ा एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति तूमडा के मार्ग दर्शन में और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के तत्वाधान में दुधी नदी में 101 बोरियों का बंधान किया गया। इस कार्य में जिला समन्वयक जय नारायण शर्मा, विकास खण्ड समन्वयक सुश्री स्मिता दांडे, परिषद की नवांकुर संस्थाओं, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों, सीएम सीएलडीपी पाठ्यक्रम के परामर्शदाताओं व छात्र-छात्रों, सामाजिक सहित नागरिकों ने अपनी सहभागिता दी गई। इसी तरह सेक्टर उकास घाट में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति उकासघाट एवं सीएम सीएलडीपी पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के तत्वाधान में ग्राम उकासघाट की उमर नदी में निकट 83 बोरियों का बंधान बनाया गया। यह कार्य विकास खण्ड समन्वयक सुश्री स्मिता दांडे, नवांकुर संस्था हरदौल जन सेवा समिति बसुरिया, नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भमका, पाठ्यक्रम के परामर्शदाता सहित ग्रामीणजनों ने अपनी सहभागिता देते हुये कार्य को अंजाम दिया गया।

## सेवा सदन लक्ष्मी टाउनशिप मंत्री आवास पर क्षेत्र के लोगों ने पहुंचकर की मुलाकात

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा परिवहन मंत्री संपूर्ण प्रदेश की बागडोर संभालने के बाद भी क्षेत्र की जनता की खबर लेने से नही चूकते है। इसी के चलते वह सप्ताह में गाडरवारा क्षेत्र का दौरा करते हुये जहां आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अपनी मौजूदगी देते हुये देखे जाते है। वही दूसरी ओर अपने आवास में क्षेत्र के लोगों से मुलाकात करते हुये उनकी समस्याओं के निराकरण करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिवस नगर के सेवासदन लक्ष्मी टाउनशिप में क्षेत्रीय विधायक स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों एवं आगंतुक गणमान्य जनों से सौजन्य मुलाकात कर समस्या लेकर पहुंचे हुये लोगों की समस्याओं को सुना व निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के आमजनों ने कैबिनेट मंत्री के समक्ष अपनी समस्याए आवेदन के माध्यम से रखी । मंत्री ने उनका निराकरण कराया इसके साथ ही विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए जनप्रतिनिधियों से भी चर्चाएं की गई। बताया जाता है कि इस दौरान नगर के विजय कालोनी में निर्मित होने जा रहे शिव मंदिर समिति के लोगों ने भी मंत्री राव उदय प्रताप से मुलाकात करते हुये मंदिर में सहयोग की अपेक्षा जताये जाने पर उनके द्वारा मंदिर निर्माण के लिये अपनी ओर सहयोग का पूरा भरोसा दिया गया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी मंडल के पदाधिकारी भाजपा के वरिष्ठ नेता आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### गोद लिए कुपोषित बच्चे के घर का संयुक्त कलेक्टर ने किया भ्रमण

उमरिया। कुपोषण दूर करने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषण मुक्त जिला बनाने एवं जन जागरूकता लाने हेतु नवाचार किए जा रहे हैं। नवाचार अंतर्गत कुपोषित बच्चे के स्वास्थ्य में सुधार लाने हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें गोद लिया है, और बच्चो एवं उनके माता पिता को पोषण संबंधी समझाईश दे रहे हैं। संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र ग्राम बड़खेरा ,तहसील बिलासपुर, जनपद पंचायत करकेली अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र का भ्रमण किया गया। केंद्र में कुपोषण से प्रभावित बालक कार्तिक बढ़ई के घर जाकर बालक एवं उनकी मां से संपर्क कर हालचाल जाना एवं बच्चे के खान पान संबंधी जानकारी ली। बच्चे के स्वास्थ्य को देखते हुए श्रीमती डेहरिया द्वारा आवश्यक दवाइयां और अन्य स्वास्थ्य वर्धक सामग्री बच्चे हेतु दी गई। साथ ही बच्चे के अभिभावकों को पोषण संबंधी जानकारी देते हुए समय समय पर स्वास्थ्य केंद्र/जिला अस्पताल उमरिया में चिकित्सा लाभ लेने हेतु भी जानकारी दी गई।

### रक्तदान शिविर में 53 यूनिट रक्त किया गया संग्रह

उमरिया। बाबा महाकाल मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मानपुर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों एवं स्वैच्छिक रक्तदाताओं के उत्साहपूर्ण सहयोग से कुल 53 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वी. एस. चंदेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. मुकुल तिवारी, लैब टेक्नीशियन विनीत साहू एवं रमेश यादव, सपोर्ट स्टाफ हरीश यादव एवं अफरोज खान, तथा वाहन चालक राजकुमार यादव ने सेवाएं प्रदान कीं। बाबा महाकाल मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड के समस्त स्टाफ द्वारा बड़े उत्साह और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ रक्तदान किया गया। इस अवसर पर कंपनी के कर्मचारियों ने भविष्य में भी रक्तदान जैसे पुनीत कार्यों में निरंतर अग्रणी रहने का संकल्प लिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वी. एस. चंदेल ने सभी रक्तदाताओं की सराहना करते हुए उन्हें नियमित रूप से प्रत्येक तीन माह में रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया। वहीं डॉ. मुकुल तिवारी ने रक्तदान महादानश्च के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज में इसके व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया। शिविर के सफल आयोजन से क्षेत्र में सामाजिक सेवा और मानवीय संवेदनाओं को नई दिशा मिली।

### बाघ अभ्यारण्य प्रबंधन,वन, राजस्व, खनिज एवं पुलिस के मध्य समन्वय की दी गई जानकारी

उमरिया। आर.सी.व्ही.पी.नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी म.प्र.भोपाल द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार भारतीय प्रशासनिक सेवा म.प्र. संवर्ग 2024 बैच के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के 6 सदस्यीय दल का म.प्र.दर्शन,सह अध्ययन पर उमरिया पहुंचने के बाद एमपीटी ताला में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी,उप संचालक बीटीआर पीके वर्मा, वनमंडलाधिकारी विवेक सिंह तथा सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह से मुलाकात की । इस दौरान परिवीक्षाधीन अधिकारियों को उमरिया जिले के बांधवगढ़ राष्ट्रीय बाघ अभ्यारण्य का प्रबंधन, वन, राजस्व, खनिज एवं पुलिस के मध्य समन्वय, वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन से संबंधित गतिविधियों की जानकारी दी गई। इसके पूर्व परिवीक्षाधीन अधिकारियो ने रंछा ग्राम में बने वनराज होम स्टे तथा टाईगर मूमेंट होम स्टे तथा टाईगर फुट प्रिंट होम स्टे का भी अवलोकन किया।

### डोला के आंगनबाड़ी केंद्रों में मनाया गया वीर बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज़राजनगर। वीर बाल दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में जिला कार्यक्रम अधिकारी विनोद परस्ते एवं परियोजना अधिकारी सुश्री सीमा गाजू के मार्गदर्शन में सेक्टर डोला के अंतर्गत सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों और महिलाओं में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी केंद्रों में जागरूकता रैली निकाली गई तथा बच्चों के लिए चित्रकला, अभिनय, गीत, कविता, कहानी व खेलकूद जैसी विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को वीर बालकों के साहस, बलिदान और देशप्रेम की भावना से परिचित कराया गया। कार्यक्रम में सेक्टर पर्यवेक्षक सुश्री सीमा सिंह, सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्व-सहायता समूह की महिलाएं, बच्चों के अभिभावक एवं नगर के वरिष्ठजन उपस्थित रहे। डोला क्षेत्र के कई आंगनवाड़ी केंद्रों में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले एवं सेक्टर स्तर के अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# 15 सूत्रीय मांगों को लेकर लघु वेतन कर्मचारी संघ का दो घंटे का धरना, मांगें न मानी तो आंदोलन तेज करने की चेतावनी

डिंडौरी न्यूज

मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ द्वारा अपनी लंबित 15 सूत्रीय मांगों के शीघ्र निराकरण को लेकर मंगलवार को दो घंटे का धरना-प्रदर्शन किया गया। यह आंदोलन संघ के चौथे चरण के अंतर्गत कलेक्ट्रेट तिराहा स्थित रानी अवंतीबाई गार्डन में जिला संघ अध्यक्ष श्री प्रकाश सिंह चंदेल के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।




धरना-प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष श्री चंदेल ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि संघ लंबे समय से कर्मचारियों से जुड़ी मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग कर रहा है, लेकिन शासन स्तर पर अब तक ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि भृत्य पद का नाम परिवर्तन कर "कार्यालय सहायक" किया जाए, नियमित कर्मचारियों का ग्रेड पे 1300 के स्थान पर 1800 किया जाए, दैनिक वेतनभोगियों को स्थायी तथा स्थायी कर्मियों को नियमित किया जाए। इसके साथ ही नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता का लाभ, अंशकालीन कर्मचारियों को दैनिक वेतनभोगी का दर्जा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को शासकीय कर्मचारी घोषित करने तथा ग्राम रक्षक व कोटवारों को नियमित सेवा का दर्जा दिए जाने की मांग प्रमुख रूप से शामिल है।

संघ ने आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए अलग आयोग गठित कर ठेका प्रथा समाप्त करने और उन्हें नियमित सेवा का अवसर देने की मांग भी रखी। अन्य मांगों में कर्मचारियों को वर्दी धुलाई भत्ता 50 रुपये से बढ़ाकर 200 रुपये प्रतिमाह किए जाने तथा सभी कर्मचारियों को 1 जनवरी 2016 से सातवें वेतनमान का लाभ दिए जाने की बात कही गई।

संघ पदाधिकारियों ने आंदोलन की आगामी रूपरेखा की जानकारी देते हुए बताया कि पांचवें चरण में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा, जबकि छठे चरण में 29 जनवरी को पत्रकार वार्ता आयोजित की जाएगी। संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शासन द्वारा 15 सूत्रीय मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो सातवें चरण में 21 फरवरी को भोपाल में विशाल धरना-प्रदर्शन एवं आमसभा का आयोजन किया जाएगा। साथ ही प्रदेशभर में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

धरना-प्रदर्शन में संभागीय सचिव मिहीलाल धुर्वे, जिला सचिव अशोक यादव, जिला मीडिया प्रभारी मयंक उद्देसिया, जिला उपाध्यक्ष तेजना ब्यौहार, ब्लॉक अध्यक्ष मेहंदवानी अनिल मरावी, मनोज यादव, जमादार श्याम उईके, गणेश धार्वे, गणेश भलावी, गोविंद सिंह मरावी, सतीष कुमार बर्मन, अमरलाल धुर्वे, सेमलाल, देवीदीन यादव, हरिलाल मरावी, मकरंद परस्ते, संतोषी चंद्रोल, सरिता धुर्वे, द्रोपती मरावी सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

शासकीय स्कूल परिसर में 20 वर्षीय छायादार वृक्ष कटने पर विवाद, प्राचार्य पर कार्रवाई की मांग

# प्रभारी प्राचार्य द्वारा पेड़ कटाई कराए जाने को लेकर डीएफओ एसपी, कलेक्टर सहित सहायक आयुक्त से की शिकायत





डिंडौरी न्यूज। जिला मुख्यालय स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राचीन डिंडौरी के परिसर में लगभग 20 वर्ष पुराने छायादार वृक्ष को बिना अनुमति एवं पूर्व सूचना के कटवाए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य रामकुमार बनावल द्वारा यह निर्णय लिया गया, जिससे विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं सामाजिक संगठनों में आक्रोश व्याप्त है।

बताया गया है कि उक्त छायादार वृक्ष के नीचे विद्यालय तथा समीप स्थित छात्रावास के छात्र-छात्राएं बैठकर अध्ययन, खेलकूद एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियां किया करते थे। बिना किसी ठोस कारण के इस वृक्ष को कटवाए जाने को भारतीय वन अधिनियम 1927, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 तथा भारतीय वन कानून 1927 की धारा 78 का उल्लंघन बताया जा रहा है।

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के कार्यकर्ता अरविंद सैयाम ने इस संबंध में प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि एक शिक्षित व्यक्ति और शिक्षा के मंदिर का प्राचार्य होने के बावजूद इस प्रकार का कृत्य सभ्य समाज को गलत और अनैतिक संदेश देता है। जब सरकार प्रदेश स्तर पर "एक पेड़ मां के नाम" जैसे अभियानों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दे रही है, ऐसे समय में 20 वर्ष पुराने छायादार वृक्ष को कटवाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित प्राचार्य पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। ज्ञापन के साथ वृक्ष कटाई से संबंधित फोटोग्राफ्स भी संलग्न किए गए हैं।

# शहपुरा वृत्त में आबकारी विभाग की कार्रवाई, अवैध शराब के 3 प्रकरण दर्ज

डिंडौरी न्यूज।

**जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 26 दिसंबर 2025 को आबकारी विभाग वृत्त शाहपुरा द्वारा प्राप्त शिकायतों के आधार पर दबिश देकर अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई, जिसमें कुल तीन प्रकरण कायम किए गए हैं।**



कार्रवाई के दौरान ग्राम मानिकपुर निवासी आरोपी अजय पिता स्व. श्री रामभरोस के कब्जे से 5 पाव गोवा रम विदेशी मदिरा एवं 23 पाव देशी मदिरा मसाला बरामद की गई। इसी प्रकार ग्राम जिमरा निवासी दीपक पिता राजेंद्र झारिया से 7 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब एवं 30 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। वहीं ग्राम जिमरा की ही निवासी चंद्रमुखी बाई पति कैलाश झारिया के पास से 6 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब एवं 15 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। इस प्रकार कार्रवाई में कुल 13 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, 5 पाव विदेशी मदिरा, 23 पाव देशी मदिरा प्लेन तथा 45 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। बरामद अवैध मदिरा एवं सामग्री की अनुमानित कुल कीमत लगभग 10,040 रुपये बताई गई है। आबकारी विभाग द्वारा उक्त तीनों मामलों में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) 'क' एवं 'च' के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# कलेक्टर ने करंजिया में आईटीआई कॉलेज, छात्रावास, एकलव्य विद्यालय व समुदाय भवन का किया निरीक्षण

**डिंडौरी न्यूज।** विकासखंड करंजिया अंतर्गत शनिवार को कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने विभिन्न शासकीय संस्थानों एवं निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन आईटीआई कॉलेज, शासकीय कन्या उत्कृष्ट छात्रावास, एकलव्य आवासीय विद्यालय तथा गोरखपुर ग्राम में निर्माणाधीन समुदाय भवन का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरुआत निर्माणाधीन आईटीआई कॉलेज करंजिया से की गई। यह भवन लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा लगभग 13.50 लाख रुपये की लागत से निर्मित किया जा रहा है। कलेक्टर ने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए तथा डीपीआर के अनुरूप गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित एजेंसी एवं ठेकेदार के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि इस आईटीआई कॉलेज के पूर्ण होने से क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त होगा, जिससे उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकेंगे।



इसके पश्चात कलेक्टर ने शासकीय कन्या उत्कृष्ट छात्रावास करंजिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास तक मुख्य मार्ग से संपर्क मार्ग निर्माण की मांग सामने आई, जिस पर कलेक्टर ने शीघ्र कार्रवाई कर मार्ग निर्माण पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने छात्रावास में निवासरत छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं और उन्हें मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही छात्रावास अधीक्षक को निर्देश दिए कि छात्राओं को निर्धारित मेनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए तथा छात्रावास में स्वच्छता एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने विकासखंड करंजिया अंतर्गत संचालित एकलव्य आवासीय विद्यालय का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खेल मैदान में खेल रहे विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए प्रभारी शिक्षक श्री कुलदीप कुमार ने बताया कि प्राचार्य अवकाश पर हैं, किंतु विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियां नियमित रूप से संचालित की जा रही हैं। कलेक्टर ने शिक्षकों से परिचय प्राप्त कर विद्यार्थियों की शिक्षा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। खेल मैदान की सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए उन्होंने विद्यालय परिसर में बास्केटबॉल पोल लगाए जाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि आगामी 15 दिवस के भीतर पुनः विद्यालय का निरीक्षण किया जाएगा और तब तक सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएं। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने गोरखपुर ग्राम में निर्माणाधीन समुदाय भवन का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव एवं आरईएस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि समुदाय भवन का निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। साथ ही शेष निर्माण कार्यों के लिए आवश्यक राशि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए।

# "प्रशासन गांव की ओर" अभियान के तहत करंजिया में लोक कल्याण व स्वास्थ्य शिविर, 1643 हितग्राही हुए लाभान्वित

डिंडौरी न्यूज

"प्रशासन गांव की ओर" अभियान के अंतर्गत आकांक्षी विकासखंड करंजिया में शनिवार को लोक कल्याण एवं स्वास्थ्य शिविर का भव्य आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचाना रहा। यह आयोजन कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता कर विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाया।





शिविर में विधायक डिंडौरी ओमकार मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष रुदेश सिंह परस्ते, जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती गीता पट्टा, जनपद सदस्यगण सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिला प्रशासन की ओर से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, डीएफओ पुनीत सोनकर, सहायक आयुक्त राजेन्द्र कुमार जाटव, अनुविभागीय अधिकारी बजाग रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर अक्षय डिगरसे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### समावेशी एवं संवेदनशील प्रशासन की मिसाल

करंजिया में आयोजित यह लोक कल्याण एवं स्वास्थ्य शिविर दिव्यांगजनों, महिलाओं, बच्चों एवं ग्रामीणों के लिए सहायता एवं समाधान का सशक्त मंच बना। विभिन्न विभागों द्वारा मौके पर ही सेवाएं प्रदान की गईं, जिससे नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण संभव हो सका। शिविर के माध्यम से शासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ, जिससे ग्रामीणों में विश्वास और संतोष का भाव देखने को मिला।

### जनप्रतिनिधियों ने बताया योजनाओं का महत्व

विधायक ओमकार मरकाम ने कहा कि इस प्रकार के शिविर शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम हैं। इससे न केवल समस्याओं का समाधान होता है, बल्कि दुग्ध उत्पादन, कृषि, लघु एवं कुटीर उद्योगों के माध्यम से युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रुदेश सिंह परस्ते ने मोटे अनाजों जैसे कोदो-कुटकी, जैविक खेती एवं स्थानीय संसाधनों के संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी और विकसित भारत के लक्ष्य को गति मिलेगी।

### 1643 हितग्राहियों को मिला सीधा लाभ

लोक कल्याण एवं स्वास्थ्य शिविर में कुल 1643 नागरिक विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित हुए। शिविर में 497 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें एक्स-रे, शुगर, बीपी, सिकल सेल एवं मोतियाबिंद जांच शामिल रही। साथ ही चश्मा एवं आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया।

इसके अलावा 5 स्व-सहायता समूहों को सीसीएल की स्वीकृति, 6 वृद्धावस्था पेंशन, 5 आयुष्मान कार्ड जारी किए गए तथा संबल योजना 2.0 के अंतर्गत हितग्राहियों को सहायता प्रदान की गई। कृषि विभाग द्वारा 10 मृदा परीक्षण कार्ड वितरित किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 6 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए, वहीं 5 लाड़ली लक्ष्मी योजना एवं 5 मातृ वंदना योजना के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। शिविर में महिलाओं को पोषण आहार किट, बच्चों का वजन परीक्षण एवं गर्भवती महिलाओं को पोषण संबंधी परामर्श भी दिया गया। साथ ही स्थानीय व्यंजनों का प्रदर्शन कर ग्रामीण संस्कृति को भी प्रोत्साहित किया गया।

# रामपुर बटुरा खदान में अब कोयला नहीं, न्याय निकलेगा

**शहडोल।** हम अपना अधिकार मांगते, नहीं किसी से भीख मांगते के गगनभेदी नारों के साथ सोहागपुर एरिया की रामपुर बटुरा खुली खदान परियोजना के खिलाफ किसानों ने निर्णायक युद्ध का बिगुल फूंक दिया है। 15 सालों से वादों की घुट्टी पी रहे किसानों का सब्र अब जवाब दे चुका है। आने वाली 30 दिसंबर से प्रभावित किसान न झुकेंगे, न रुकेंगे, सिर्फ अपना हक लेकर रहेंगे। इस बार खदान से कोयला तब निकलेगा, जब किसानों की मांगें पूरी होंगी।

### अब घर-घर से निकलेगा आक्रोश

किसान नेता और सामाजिक कार्यकर्ता भूपेश शर्मा के नेतृत्व में आंदोलन को धार देने के लिए मोहल्ले-मोहल्ले चौपालें सज रही हैं। रामपुर बेलिया के कुदराटोला, डोंगरी टोला और पुरानीहा टोला जैसे इलाकों में किसानों ने खुद कमान संभाल ली है। रणनीति साफ है कि इस बार अधिकारी दफ्तर में नहीं बैठेंगे, उन्हें आंदोलन स्थल पर आना होगा। 29 दिसंबर को किसान अपनी समस्याओं का पुलिंदा लेकर जुटेंगे और वहीं जनता की अदालत लगेगी। प्रशासन के लोक सेवकों को वहीं मौके पर समाधान करना होगा, वरना खदान का चक्का जाम रहेगा।

### 15 साल से किया जा रहा छल

किसानों का गुस्सा जायज है। 2009-10 में जमीन अधिग्रहित हुई, 2016 में मुआवजा मिला और 2023 तक रोजगार की फाइलें धूल फांकती रहीं। जिस खदान के दम पर सोहागपुर एरिया लीड कर रहा है, उसी के विस्थापित आज दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। किसानों ने देशहित में बिना लड़े अपनी माटी दे दी, लेकिन बदले में प्रबंधन ने उन्हें केवल आश्वासन के झुनझुने थमाए। अब किसानों ने तय किया है कि वे सॉफ्ट टारगेट नहीं बनेंगे।

### आर-पार की जंग

प्रबंधन को दी गई अंतिम चेतावनी में किसानों ने अपनी शर्तें साफ कर दी हैं, सभी विस्थापितों के मकानों का मुआवजा एकमुश्त भुगतान किया जाए।

# विशाखापत्तनम में आयोजित पेसा महोत्सव में मध्य प्रदेश का शानदार प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित पेसा महोत्सव 22 से 24 दिसंबर में देशभर के सभी पेसा राज्यों से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने सहभागिता की। महोत्सव के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं, पारंपरिक स्टॉलों, तथा जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में मध्य प्रदेश ने कबड्डी प्रतियोगिता में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। मध्य प्रदेश पुरुष कबड्डी टीम ने फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, वहीं महिला कबड्डी टीम फाइनल में उपविजेता रही। इस उपलब्धि में राजेश सिंह, जिला समन्वयक (पेसा एक्ट) एवं मिथलेश सिंह नेताम समन्वयक विकास खंड कोतमा खेल एवं युवा कल्याण विभाग अनूपपुर, मध्यप्रदेश कबड्डी टीम के कोच के रूप कार्य किया गया था विशेष योगदान रहा। उनके मार्गदर्शन एवं समन्वय से अनूपपुर जिले से पेसा महोत्सव राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता विशाखापट्नम आँध्रप्रदेश में मध्यप्रदेश के जिला अनूपपुर से 5 पुरुष व 4 महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। विकास खंड पुष्पराजगढ ग्राम पंचायत खेतगांव से बसंत कुमार सिंह, विक्रम सिंह, त्रिवेंद्र कुमार सिंह, योगेंद्र सिंह, गोपाल सिंह ने फाइनल में मध्यप्रदेश टीम उड़ीसा को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया विकास खंड कोतमा से महिला वर्ग में ग्राम पंचायत बैहाटोला से पार्वती सिंह, सुषमा रानी नगर पालिका परिषद कोतमा के वार्ड नंबर 10 चित्रा कोल वार्ड नंबर 14 मोनू सिंह धुर्वे फाइनल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया पेसा महोत्सव कबड्डी प्रतियोगिता खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना और टीमवर्क का प्रदर्शन करते हुए राज्य को गौरवान्वित किया। पुरुष टीम द्वारा विजेता और महिला टीम द्वारा द्वितीय स्थान प्राप्त करना न केवल मध्य प्रदेश के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह पेसा क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की संभावनाओं और सशक्तिकरण को भी दर्शाता है।

**खबर संक्षेप**

### यूरिया पाने जद्दोजहद, बिचोलिए 480 से 650 में बेच रहे

तेंदूखेड़ा। इन दिनों यूरिया डी ए पी खाद पाने के लिए किसानों के लिए एक एक बोरी के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। सोसाइटियों में पर्याप्त मात्रा में यूरिया ना आ पाने की स्थिति में बिचोलिया सीधा फायदा उठा रहे हैं।उनकी गोदामों में पर्याप्त मात्रा में यूरिया पड़ा हुआ है जिसके चलते मनमाने दामों में बेच रहे हैं। कहीं 480 रुपए में बोरी और साथ में शीशी तो कहीं 650 में बोरी खुलेआम बेची जा रही है।मजबूर किसान यूरिया पाने के जिस भाव मिल रहा है उसी भाव ले रहे हैं। विगत दिनों ऐसा ही एक नजारा तेंदूखेड़ा में देखने को मिला जहां यूरिया पाने के लिए बड़ी संख्या में किसान एक एक बोरी के लिए एकत्रित हुये थे। वर्तमान में फसलों को खाद की आवश्यकता को देखते हुए किसान मजबूर होकर मनमाने दामों पर खाद खरीद रहें हैं। हमारे प्रतिनिधि को पुरुषोत्तम पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि अनुविभाग स्तर के अधिकारियों को चाहिए कि शीघ्र ही किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए विचोलियो की गोदामों पर छापामार कार्यवाही की जाये।

### नपा कर्मियों की हड़ताल समाप्त, काम पर लौटे कर्मचारी



नरसिंहपुर। गत दिवस हड़ताल पर बैठे नगरी पालिका कर्मचारियों की हड़ताल को समाप्त कराया गया। नगर पालिका प्रशासन एवं कर्मचारियों के बीच सहमति बनी और कर्मचारियों ने काम पर वापिस आने का रूख बना लिया। ज्ञात हो कि बीते लगभग 11 दिनों से नगर पालिका कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर काम बंद हड़ताल पर थे प्रशासनिक बैठक तथा नगर पालिका परिषद की बैठक होने के उपरांत कर्मचारियों को मनाकर काम पर वापिस लाया गया। इसी दौरान कांग्रेसजनों द्वारा नगर में झाडू लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। नगर पालिका के सामने पुतला दहन एवं खुला मंच कार्यक्रम के माध्यम से नगर विकास तथा नगर पालिका में चल रही विषंगतियों को लेकर भी चर्चा की गई। बीते दिना नगर पालिका के बकायादारों की सूची सोशल मीडिया पर वायरल हुई जिसके बाद नगर में राजनैतिक पारा भी चढ़ा और लोगों द्वारा टीका टिप्पणी भी की गई। उक्त लिस्ट के संबंध मे नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज द्वारा कहा गया कि लिस्ट तो सही है और उसके आधार पर ही नगर पालिका द्वारा वसूली की जा रही है। लेकिन वायरल हुई कैसे इसकी जांच कराई जायेगी। आज से नपा कर्मचारी अपने कार्य पर लौटकर पुनः अपनी सेवाएं नगरवासियों को देंगे।

### रसखान अलंकरण से सम्मानित हुए सतीश



नरसिंहपुर। विगत दिवस मध्यप्रदेश के उमरिया जिले में आयोजित वातायन संस्था के 41 वे स्थापना दिवस व 20 वे अलंकरण समारोह के अन्तर्गत नरसिंहपुर के गीतकार सतीश तिवारी सरस को रसखान अलंकरण से सम्मानित किया गया। सम्मान के तहत उन्हें शॉल-श्रीफल, प्रतीक चिह्न, प्रशस्ति पत्र व पत्र पुष्प प्रदान किये गये। इस दौरान मंच पर वातायन संस्था के अध्यक्ष जगदीश प्यासी, डॉ. परमानंद तिवारी, शंभु सोनी, रामलखन चैहान, अनिल मिश्रा, साहित्यकार रवीन्द्र रवि, वरिष्ठ साहित्यकार विजय बागरी, राजकुमार महोबिया व शब्दाक्षर मध्यप्रदेश के प्रांतीय संगठन मंत्री लखन डेहरिया शब्दाक्षरी उपस्थित रहे। सरस के सम्मानित होने पर उनके इष्ट मित्रों सहित स्वजनों ने हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

### जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता कल से

नरसिंहपुर। प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नरसिंहपुर ने बताया कि वर्ल्ड स्किल प्रतियोगिता- 2026 एवं इंडिया स्किल प्रतियोगिता 2025 के अंतर्गत मप्र राज्य कौशल प्रतियोगिता 2025 के प्रथम चरण में जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का आयोजन प्रदेश की समस्त जिला स्तरीय शासकीय आईटीआई में किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता ऐसे प्रतिभागी जिन्होंने माह जुलाई 2025 से सितम्बर 2025 के मध्य एनएसडीसी के पोर्टल पर स्किल इंडिया डिजिटल हब के माध्यम से पंजीयन किया था, उनकी प्रतियोगिता 29 एवं 30 दिसम्बर 2025 को दो शिफ्टों में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता की प्रथम पाली प्रात 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित होगी।

## प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अटल जी की देन: मंत्री श्री पटेल

# मंत्री श्री पटेल ने रखी अटल सुशासन भवन की आधारशिला

प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने देश को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क की सौगात दी।

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।





उन्होंने अटल जी की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर गर्व के साथ कहा कि अब 500 की आबादी वाले गांव भी प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत जुड़ना शुरू हो गए। किसी भी संकल्प को पूरा करने का रास्ता पं. अटल बिहारी वाजपेयी ने दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर भारत को सड़क, रेल जैसी कई सौगातें दी, जिससे भारत मजबूत होकर खड़ा रहे। उक्ताशय के विचार मंत्री श्री पटेल जनपद पंचायत नरसिंहपुर में आयोजित जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर अटल स्मृति पर्व कार्यक्रम में व्यक्त किए।

### पंचायतों के बदले जायेंगे नाम

मंत्री श्री पटेल व अन्य अतिथियों ने लगभग 5.25 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अटल सुशासन भवन की आधारशिला रखी। इसके पूर्व उन्होंने भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों को शाल व तुलसीमाला पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने प्रगति महिला समुदाय संगठन अलोद, जनपद पंचायत नरसिंहपुर और रेवा महिला संकुल स्तरीय संगठन पिपरियाकलां विकासखंड सांईखेड़ा को आजीविका एक्सप्रेस वाहन सौंपे। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि यह वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री श्री वाजपेयी के नाम समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश की सभी पंचायत भवनों के नाम बदलकर अटल ग्राम सेवा सदन रखा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पंचायतें मर्यादाओं के अनुकूल अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करेंगी। प्रदेश के जनपद पंचायतों के 106 भवनों का नाम अटल सुशासन भवन होगा। प्रदेश में 3 हजार 752 सामुदायिक भवनों का भी नाम बदल कर अटल सामुदायिक भवन किया गया है। सरकार ने तय किया है कि यह सप्ताह अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर समर्पित रहेगा। हमें उनके स्मरण के साथ किए गए कार्यों को भी आत्मसात करने की आवश्यकता है।

### अटल सुशासन भवन का हुआ भूमिपूजन

विधायक तेंदूखेड़ा विश्वनाथ सिंह पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त किया जा रहा है और गांव को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। विधायक गोटेगांव महेन्द्र नागेश ने अपने उदबोधन में कहा कि सरकार अनेक सौगातें दी हैं, आज अटल भवन के भूमिपूजन इसका साक्षी बना है। यह भवन जनसमस्याओं के समाधान और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देने का केन्द्र बनेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकतंत्र सेनानी संघ व पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने कहा कि आज का दिन बहुत बड़ा दिन है। आज हम सभी अटल सुशासन दिवस मना रहे हैं। उन्होंने बताया कि करेली में लगभग 5 करोड़ रुपये की राशि से अटल सुशासन भवन का भूमिपूजन हो चुका है। अटल जी के विचारों, उनके कार्यों और उनके आचरण को आत्मसात करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अटल जी ने लोकतंत्र की स्वस्थ परंपराओं और मजबूती के लिए जो कार्य किया वो अभूतपूर्व व अनुकरणीय है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, विधायकद्वय विश्वनाथ सिंह पटेल व महेन्द्र नागेश, राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकतंत्र सेनानी संघ व पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, अध्यक्ष जनपद पंचायत नरसिंहपुर शैलेन्द्र राजपूत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, रामसनेही पाठक सहित अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## एनएसआईयू एवं युकां ने किया उग्र प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



नरसिंहपुर। गत दिवस नगर पालिका में व्याप्त गंभीर अव्यवस्थाओं, जनस्वास्थ्य संकट एवं कर वसूली में हो रही भारी अनियमितताओं के विरोध में एनएसयूआई एवं युवा कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में उग्र प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान नगर पालिका कार्यालय के सामने नगर पालिका प्रशासन का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया गया, इसके पश्चात प्रतिनिधिमंडल द्वारा जिला कलेक्टर नरसिंहपुर को ज्ञापन सौंपा गया। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष ईशान राय एवं युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष विवेक पटेल ने कहा कि नगर पालिका की घोर लापरवाही के कारण नरसिंहपुर शहर गंदगी के ढेर में तब्दील हो चुका है। शहरभर में कचरे के अंबार लगे हैं, नालियाँ जाम पड़ी हैं, जिससे डेंगू, मलेरिया एवं अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन पूरी तरह निष्क्रिय बना हुआ है। उन्होंने कहा कि शहर की सड़कों पर आवारा मवेशियों की भरमार के कारण आए दिन जाम की स्थिति बन रही है और दुर्घटनाएँ हो रही हैं। कई क्षेत्रों में सीवर लाइन के खुले गड्ढे एवं अधूरे कार्य आम नागरिकों की जान के लिए खतरा बने हुए हैं। सीवर कार्यों के बाद सड़कों की मरम्मत न किया जाना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। नेतृत्व ने यह भी आरोप लगाया कि कर जमा करने की वैध रसीद होने के बावजूद नागरिकों से दोबारा कर वसूला जा रहा है, जो पूरी तरह नियमविरुद्ध है। साथ ही अस्थायी ठेलों एवं फुटपाथ व्यवसायियों से की जा रही कर वसूली में भी भारी अनियमितताएँ सामने आ रही हैं, जिसकी गहन जांच आवश्यक है। इसके अतिरिक्त नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन न मिलने के कारण सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, जिसका सीधा असर शहर की स्वच्छता एवं जनस्वास्थ्य पर पड़ रहा है। युवा कांग्रेस के अतुल चैरसिया, रोहित पटेल और अंकुर बटरी ने चेतावनी दी कि यदि नगर पालिका की कार्यप्रणाली में शीघ्र सुधार नहीं किया गया, तो संगठन जनहित में नगर बंद करेगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी। इस दौरान बड़ी संख्या में एन एस यू आई एवं युवा कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बरहटा स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ नरसिंहपुर के मार्गदर्शन तथा डीईओ व डीपीसी के दिशा निर्देशानुसार संकुल केंद्र बरहटा में हुआ विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में जनशिक्षक केंद्र संबंधित कक्षा 6 से 8 वीं तक के विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ डीपीएस मनीष कुमार चैकसे एवं विशिष्ट अतिथियों ने मां सरस्वती के पूजन एवं विद्यालय छात्राओं ने सरस्वती वंदना गायन के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत तिलक एवं स्वागत गीत से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीपीएस मनीष कुमार चैकसे एडीपीएस समीर कुमार त्यागी बीएससी दशरथ चढ़ार विशिष्ट



अतिथि पंडित बृज भूषण बाजपेई एवं दशरथ कहार पांच ग्राम पंचायत बारहट व जनशिक्षा केंद्र प्रभारी प्राचार्य शैलेन्द्र एवं जनशिक्षक दीपक दुबे ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। जनशिक्षा केंद्र के 10 विद्यालयों के कुल 40 प्रतिभागियों ने इस प्रदर्शनी में भाग लिया। प्रतिभागियों के मॉडलों का मूल्यांकन पांच सदस्यीय निर्णयक मंडल भागचंद झरिया, गनी मोहम्मद, तरुवर पटेल, सरिता कोरी एवं राजेश सिंगोतीया ने किया।जिनमें विद्यार्थियों ने सामाजिक विज्ञान, गणित, विज्ञान के आकर्षक मनमोहक मॉडल चित्र प्रस्तुत किए। इसमें सामाजिक विज्ञान वर्ग में विनिशा मेहरा माध्यमिक शाला दौन प्रथम स्थान, पर्यावरण विज्ञान में बुद्ध प्रकाश मेहरा माध्यमिक शाला दौन ने प्रथम एवं विज्ञान प्रदर्शनी में आकांशा काछी प्रथम एवं गणित में मनीषा काछी माध्यमिक शाला सेवनी बंधा प्रथम रहे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य शैलेन्द्र बक्शी कहा कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित यह प्रदर्शनी अपनी तरह की अनूठी थी। विद्यार्थियों ने केवल सहभागिता, ज्ञान साझा करने और सीखने की भावना से भाग लिया, न कि किसी प्रतियोगिता में। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए जाएंगे ताकि विज्ञान के प्रति प्रेम को प्रोत्साहित किया जा सके। कार्यक्रम में मंच संचालन विज्ञान शिक्षक राजेश सिंगोतीया ने किया। विद्यालय के समस्त शिक्षकों सुनील दीक्षित, रोहित पटेल, प्रशांत नामदेव, फिरोज खान, संतोष विश्वकर्मा, आशुतोष नामदेव, रक्षा चैरसिया सहित सभी माध्यमिक शालाओं के प्रभारी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## शैक्षिक संवाद में शिक्षकों ने रखे विषय



तेंदूखेड़ा

विगत दिवस जन शिक्षा केंद्र स्तर पर हर महीने होने वाली समीक्षा बैठक सह-प्रशिक्षण को राज्य शिक्षा केंद्र ने शैक्षणिक संवाद का नाम दिया है। जिसमे प्राइमरी और मिडिल स्कूलों के शिक्षक हर महीने शैक्षिक संवाद में भाग लेकर अपने विचार रखते है शिक्षकों को पढ़ाने में आ रही परेशानी दूर करने आपस में चर्चा कर पढ़ाने के नए तरीके ढूंढ़कर समस्या का हल निकालते हैं ।एक-दूसरे के अनुभव से सीखते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर सकें। इस संवाद के दौरान जन शिक्षा केंद्र स्तर पर प्रारंभिक शिक्षा में प्राथमिक व माध्यमिक स्तर पर निर्धारित विषयों के अनुसार अगले महीने पढ़ाए जाने वाली विषय-वस्तु के बारे में पढ़ाने के विभिन्न तरीके टीएलएम का निर्माण व उपयोग आदि पर अपनी समझ को और अधिक उन्नत कर सकें।इसी कड़ी मे माह दिसम्बर का शैक्षणिक संवाद शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय छत्तरपुर मे शनिवार को रखा गया जिसमें प्रारंभिक कक्षाओं में प्रभावी शिक्षण लेखन विषय पर शैक्षिक संवाद रखा गया सहजकर्ता ने अपनी बात रखते हुए शिक्षकों को कक्षा में सीखने-सिखाने के अनुभवों को साझा करने नवाचारों पर चर्चा करने और बच्चों के भाषा कौशल समझ और वैचारिक विकास के लिए लेखन को एक शक्तिशाली साधन बनाने के लिए प्रेरित करना है। जिसमें सही अक्षर निर्माण पढ़ने-लिखने की समझ और मजेदार गतिविधियों जैसे खेल-खेल में सीखना पर जोर दिया जाता है ।ताकि शिक्षा बोझिल न लगे बल्कि सरल और आनंददायक हो।इस अवसर पर जनशिक्षक सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय एकता शिविर की उपलब्धियां साझा कर पूनम चौधरी का हुआ सम्मान

गोटेगांव



समीप श्री जगतगुरु शंकराचार्य महाविद्यालय श्रीनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका पूनम चौधरी का जबलपुर में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर से वापस लौटने पर महाविद्यालय में भव्य स्वागत किया गया। पूनम चौधरी बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण कैंप में जिले का प्रतिनिधित्व किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. दिलीप पाठक ने पूनम चौधरी की सहभागिता की जमकर सराहना की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के राष्ट्रीय स्तर के शिविर विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक दायित्व की भावना का विकास करते हैं। यह महाविद्यालय और पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है।छात्रा के स्वागत के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. एस.पी. डेहरिया, महिला कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अंकिता नामदेव सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ, एनएसएस स्वयंसेवक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने पूनम को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# खंगार समाज ने महाराजा खेतसिंह की जयंती मनाई

## व्यक्ति का व्यक्तित्व उसके कृतित्व पर ही पूज्य होता है

तेंदूखेड़ा






शनिवार को तेंदूखेड़ा सहित आस पास की खंगार समाज ने हरसिद्धि मंदिर परिसर में महाराजा खेतसिंह जी समारोह धूमधाम से मनाई गई।इस मौके पर नगर के प्रतिष्ठित सिद्ध स्थल कल्याण बाबा मंदिर परिसर से एक विशाल शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से निकाली जिसका समापन पंचमुखी हनुमान मंदिर में जाकर संपन्न हुई। गजानन माता एवं महाराजा खेतसिंह जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ शुभारंभ हुये इस जयंती समारोह में समाज के प्रतिष्ठित जनों अतिथियों के स्वागत उपरांत समाज के प्रतिष्ठित डा महेश सिंह ठाकुर द्वारा महाराजा खेतसिंह जी के जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए छठवीं शताब्दी से 16 शताब्दी तक के साम्राज्य चंदेरी और महोबा वंश तथा गुजरात प्रांत के जूनागढ़ से लेकर राजस्थान प्रांत के जावनेर तक की गौरव गाथा झिझोती और बुंदेलखंड के 165 साल के इतिहास को विस्तार से बताया। स्वागत की औपचारिकताओं के साथ मंचाशीन अतिथियों का शाल श्री फल और तलबार भेंट कर सम्मानित किया गया।इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने कहा कि व्यक्ति का व्यक्तित्व उसके कृतित्व पर ही पूज्य हुआ करता है। उसका शौर्य पराक्रम संस्कार समाज के प्रति समर्पण ही उचित सम्मान पाता है। हमें ऐसे महापुरुषों से शिक्षा लेनी चाहिए और समाज को संगठित होकर व्याप्त कुरीतियों को उखाड़ फेंकने बच्चों को सुशिक्षित संस्कारवान बनाने की जरूरत है।जयंती अवसर पर नगर के मध्य महाराजा खेतसिंह जी की मूर्ति लगवाने की घोषणा करते हुए स्पष्ट किया कि इससे खंगार समाज के साथ साथ अन्य समाजों को भी शिक्षा मिलेगी।नगर के प्रतिष्ठित वरिष्ठ पार्षद अजय गुप्ता ने भी समाज की गौरव गाथा पर काफी विस्तार से प्रकाश डाला। तथा वरिष्ठ महेंद्र तिजोरी वाले डालचंद पटेल मुकेश पुजारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। तथा पं सूर्यकांत चौबे राजीव अग्रवाल चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव मोहन विश्वकर्मा मंगेश श्रीवास्तव प्रमुख रुप से मंचाशीन रहे।कार्यक्रम का संचालन अंकेश सिंह ठाकुर और आभार अशोक ठाकुर ने व्यक्त किया।इस अवसर पर समाज के मोहनलाल शिवप्रसाद रंगा सिंह सुरेश गुलजारी गजेन्द्र सिंह राजा सुनील शिवदयाल नरेंद्र अशोक मा सा उत्तम सिंह आनंद राजेन्द्र सिंह महेंद्र सिंह ओमकार राधेलाल मोतीलाल हरदयाल महेंद्र सिंह के अलावा जबलपुर बरमान नादिया विजोरा तिगुंवा बनवारी देवरी कोड़ियां गाडरवारा गढ़ाकोटा सारसडोल मुहली से स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।